NIC

Government of Rajasthan

Financial Year : 2021-2022 (राशि सहस्त्रों में)

Latest Budget Summary of 300-Maharani SudharShan Govt.Girls College, Bikaner

BFC Type : State Fund

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर

ईमेल आईडी : mscollege.bkn@gmail.com फोन न. 0151–2528163

H.Sc. Dept.

दिनांक :

रिपोर्ट

एक दिवसीय सेमीनार गृह विज्ञान विभाग

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय बीकानेर के गृह विज्ञान विभाग एवं होम साइंस एसोसिएशन के तत्वावधान में दिनाँक 08.04.2022 को स्नातकोत्तर गृहविज्ञान की छात्राओं द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया । यह सेमिनार New trends in Home sc विषय पर आयोजित किया गया।

सेमिनार का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय मे गृहविज्ञान के क्षेत्र में उभरती नवीन प्रवृतियों, नवाचार एवं चुनोतियो पर प्रकाश डालना था।

यह सेमिनार प्राचार्य डॉ इंदिरा गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में छात्राओं को विषय वस्तु से अवगत कराते हुए गृह विज्ञान के बिभिन्न क्षेत्रो में नवीन शोध एवं रोजगार की संभावनाओं की ओर छात्राओं का ध्यान आकर्षित किया।

सेमिनार की उच्च शिक्षा में उपयोगिता बताते हुए छात्राओं को इस प्रकार की गतिविधियो में अधिक से अधिक भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। स्नातकोत्तर गृहविज्ञान में अध्ययनरत छात्राओं ने गृह विज्ञान के विभिन्न विषयों यथा आहार एवं पोषण,मानव विकास, प्रसार शिक्षा,वस्त्र विज्ञान एवं परिधान,तथा पारिवारिक संसाधन प्रबंध इत्यादि विषय के महत्व,कार्य क्षेत्र,इन विषयों में हो रहे नवाचार नवीन शोध , अविष्कार एवं इनका मानव जीवन पर सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला।

सेमिनार में एक छात्रा ने गृह विज्ञान को अपनी कविता **"कुशल गृहणी से आत्मनिर्भर नारी"** के द्वारा परिभाषित किया।छात्राओं ने अपने शोध पत्र के माध्यम से गृह विज्ञान विषय के द्वारा अपनी दैनिक जीवन शैली को उन्नत बनाते हुए रोजगार द्वारा आत्मनिर्भर बनने पर विशेष बल दिया।

सेमीनार में 13 छात्राओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। सेमिनार में निम्नलिखित छात्राओं ने भाग लिया।

1. नजमा
2. नीलिमा थानवी,
3. अंकित

4. सुलोचना
5. सुमन
6. संघप्रिय
7. रामकला
8. ट्विंकल
9. रुखसाना
10. पूजा
11. उमा और कोमल सोलंकी

कार्यक्रम के सफल संचालन में विभाग के विषय विशेषज्ञ डॉ निधि अग्रवाल,सुनीता गहलोत,अंजलि शर्मा,संगीता रचेता एवं सीमा ओझा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम के अंत मे प्रभारी डॉ निधि अग्रवाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए सभी का आभार प्रदर्शन किया।

प्राचार्य,
महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय,
बीकानेर